17 जनवरी 2026
शनिवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



डीएम साहिला की अध्यक्षता में नगर निकायों की समीक्षा बैठक, सफाई से लेकर अतिक्रमण तक सख्त निर्देश

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध

आपकी आवाज

■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## एक नजर

### विराट रामायण मंदिर में आज शिवलिंग स्थापना सीएम रहेंगे मौजूद

मोतिहारी के राम जानकी पथ किनारे स्थित कैथवलिया गांव में निमार्णाधीन विश्व के सबसे बड़े विराट रामायण मंदिर परिसर में 17 जनवरी को शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूजा पंडाल और मंडप का निर्माण कार्य भी संपन्न हो चुका है। शिवलिंग स्थापना कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री 17 जनवरी को सुबह 11:50 बजे मंदिर परिसर पहुंचेंगे। वे सबसे पहले कैथवलिया आएंगे, इसके बाद मोतिहारी के अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे।मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। डीएसपी संतोष कुमार ने बताया कि चकियाझकेसरिया मार्ग पर राजपुर के समीप और वृंदावन के आगे आवागमन पर रोक रहेगी। विशेष परिस्थिति में ई-रिक्शा के माध्यम से आवाजाही की अनुमति होगी। मंदिर की ओर आने वाले सभी मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### बीएमसी में भी खिलाकमल ठाकरे-कांग्रेस का ढहा किला

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी गठबंधन को विधानसभा चुनाव में मिली जीत कोई तुक्का नहीं थी। वह महिलाओं और युवाओं को साधने की भाजपा बहुत सोची-समझी रणनीति थी जिस पर जनता ने एक बार फिर निगम चुनाव में मुहर लगाया है। इस जीत से राज्य और भाजपा में इस जीत के नायक देवेन्द्र फडणवीस का कद और ऊंचा हो गया है। मुंबई नगर निगम में सत्ता खोने के बाद निगम से ठाकरे युग का अंत होता दिखाई दे रहा है। उद्धव ठाकरे को समझना पड़ेगा कि बाला साहब ठाकरे के सिद्धांतों से समझौता उनके लिए बहुत भारी पड़ा है। इस चुनाव में बाला साहब ठाकरे के रहे सहे समर्थकों ने भी उद्धव का साथ छोड़ दिया है। ठाकरे परिवार की 'टकसाल' कहे जाने वाले मुंबई नगर निगम से अब ठाकरे परिवार को आर्थिक संजीवनी नहीं मिलेगी। ऐसे में अब उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना की राजनीति कितनी आगे बढ़ पाएगी, यह बड़ा सवाल है।

# टोल प्लाजा पर अब नहीं चलेगा नकद

- टोल टैक्स केवल फास्ट टैग या यूपीआई के माध्यम से ही चुकाया जा सकेगा
- 1 अप्रैल के बाद देश के किसी भी टोल प्लाजा पर कैश लेन उपलब्ध नहीं होंगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की सड़कों पर सफर करने वालों के लिए एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा को पूरी तरह डिजिटल बनाने की दिशा में एक अहम फैसला लिया है। 1 अप्रैल से देशभर के सभी नेशनल हाईवे टोल प्लाजा पर नकद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद टोल टैक्स केवल फास्ट टैग या यूपीआई के माध्यम से ही चुकाया जा सकेगा। इस फैसले की जानकारी देते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने कहा कि भारत तेजी से डिजिटल इकॉनमी की ओर बढ़ रहा है और टोल कलेक्शन सिस्टम को भी इसी दिशा में आधुनिक बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले फास्ट टैग के जरिए इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन शुरू किया गया था और बाद में यूपीआई भुगतान की सुविधा भी दी गई, जिसे लोगों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला। अब सरकार ने टोल प्लाजा पर कैश पेमेंट को पूरी तरह समाप्त करने का निर्णय लिया है।

### कैश लेन होंगी पूरी तरह बंद

1 अप्रैल के बाद देश के किसी भी टोल प्लाजा पर कैश लेन उपलब्ध नहीं होंगी। इससे मैन्युअल टोल वसूली के कारण लगने वाली लंबी कतारों से यात्रियों को राहत मिलेगी। सरकार का मानना है कि कैशलेस टोलिंग से न सिर्फ सिस्टम तेज होगा, बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ेगी और भ्रष्टाचार की संभावना भी कम होगी। अब तक कई ऐसे वाहन चालक थे, जिनके पास फास्ट टैग होने के बावजूद वे कैश लेन का इस्तेमाल करते थे। इससे खासकर त्योहारों, छुट्टियों और पीक आवर्स के दौरान टोल प्लाजा पर भारी जाम की स्थिति बन जाती थी। कैश भुगतान बंद होने से इस समस्या पर काफी हद तक काबू पाया जा सकेगा।

### समय, फ्यूल और पैसे की होगी बचत

केंद्रीय सचिव वी. उमाशंकर के मुताबिक टोल प्लाजा पर बार-बार रुकने और फिर गाड़ी स्टार्ट करने से ईंधन की खपत बढ़ जाती है। इससे न सिर्फ ड्राइवरों को थकान होती है, बल्कि डीजल और पेट्रोल की भी बबार्दी होती है। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को इसका ज्यादा नुकसान झेलना पड़ता है। कैशलेस टोलिंग से वाहन बिना रुके आगे बढ़ सकेंगे, जिससे समय और फ्यूल दोनों की बचत होगी।

### एमएलएफएफ सिस्टम की तैयारी

सरकार का यह फैसला भविष्य की एक बड़ी योजना की नींव भी माना जा रहा है। जल्द ही देश में मल्टी लेन फ्री फ्लो टोलिंग सिस्टम लागू किया जाएगा। इस सिस्टम के तहत टोल प्लाजा पर किसी तरह का बैरियर नहीं होगा और वाहन बिना रुके हाईवे से गुजर सकेंगे। टोल शुल्क अपने आप फास्ट और व्हीकल आइडेंटिफिकेशन टेक्नोलॉजी के जरिए कट जाएगा। सरकार ने एमएलएफएफ सिस्टम के पायलट प्रोजेक्ट के लिए देशभर के 25 टोल प्लाजाओं को चिन्हित किया है। यहां इस तकनीक को लागू कर यात्रियों के अनुभव, नियमों और तकनीकी पहलुओं की जांच की जाएगी। सफल परीक्षण के बाद इसे पूरे देश में लागू करने की योजना है।

# जस्टिस वर्मा को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा की याचिका खारिज कर दी। जज वर्मा ने उस संसदीय समिति की वैधता को चुनौती दी थी, जिसे लोकसभा के स्पीकर ने उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए बनाया था। जस्टिस दीपंकर दत्ता और जस्टिस एससी शर्मा की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका पर सुनवाई की। पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी कर 8 जनवरी 2026 को अपना निर्णय सुरक्षित रखा लिया था। जस्टिस वर्मा की ओर से दायर याचिका में न्यायाधीश जांच अधिनियम में निर्धारित प्रक्रिया के तहत लोकसभा की तरफ से गठित तीन सदस्यीय समिति की वैधता को चुनौती दी गई थी।याचिका में कहा गया है, 'न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 की धारा 3(2) के तहत माननीय समिति का गठन करने के संबंध में लोकसभा के माननीय अध्यक्ष की ओर से की गई विवादित कार्रवाई को असंवैधानिक घोषित और निरस्त करने के लिए निर्देश जारी किया जाए।'याचिका में इस आदेश को भारत के संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 का उल्लंघन बताते हुए न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत कानून की ओर से स्थापित प्रक्रिया के उलट कहा गया।जस्टिस वर्मा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने सुनवाई के दौरान तर्क दिया था कि संसद के दोनों सदनों में उन्हें हटाने के संबंध में प्रस्ताव पेश करने के लिए यह जरूरी है कि तीन सदस्यीय समिति का गठन लोकसभा और राज्यसभा दोनों की ओर से संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए था, न कि लोकसभा अध्यक्ष की तरफ से एकतरफा रूप से।

## देश में 500 से भी कम स्टार्टअप्स थे जिनकी संख्या अब दो लाख से अधिक हो गई

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इको सिस्टम : मोदी



- सरकार से मंजूरी प्राप्त 45 प्रतिशत स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आने वाले दस वर्षों में हमारा लक्ष्य नए स्टार्टअप ट्रेंड और टेक्नोलाजी में दुनिया का नेतृत्व करने का होना चाहिए। हमारे स्टार्टअप्स को मैन्यूफैक्चरिंग पर अधिक ध्यान देना होगा, हमें उम्दा गुणवत्ता वाले नए उत्पाद बनाने होंगे। टेक्नोलाजी में भी नए-नए आइडिया पर काम करके अन्य देशों से आगे रहना होगा। स्टार्टअप इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने के मौके पर शुक्रवार को युवा उद्यमियों के संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके हर प्रयास में सरकार आपके साथ खड़ी है। 10 साल पहले वर्ष 2016 के 16 जनवरी को स्टार्टअप इंडिया मिशन लांच किया गया था। तब देश में 500 से भी कम स्टार्टअप्स थे जिनकी संख्या अब दो लाख से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 साल में स्टार्टअप इंडिया मिशन एक क्रांति बन चुका है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। सबसे बड़ी बात है कि सरकार से मंजूरी प्राप्त 45 प्रतिशत स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला निदेशक है। पीएम मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) क्रांति में देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी हमारे स्टार्टअप्स की है। एआइ के साथ कई ऐसे नए डोमेन उभर रहे हैं जो भविष्य में आर्थिक सुरक्षा और रणनीतिक स्वायतता में अहम रोल निभाएंगे। एआइ उनमें से एक हैं। टेक्नोलाजी की मदद देकर हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि स्वदेशी एआइ भारतीय प्रतिभा द्वारा भारतीय सर्वर पर ही तैयार हो।

### अगले 10 साल में वैश्विक नेतृत्व का लक्ष्य

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया केवल एक स्कीम नहीं, बल्कि एक रेनबो विजन है। यह अलग-अलग सेक्टर को नए अवसर से जोड़ने का जरिया है। पिछले 10 सालों में देश में एक ऐसा इको-सिस्टम तैयार हुआ है जो इनोवेशन को बढ़ावा देता है। पूर्व में कांग्रेस की सरकार पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा कि एक समय में अनुपालन जटिल था, मंजूरी के लिए लंबी प्रक्रिया थी, इंस्पेक्टर राज का डर था। ये सब इनोवेशन की सबसे बड़ी रुकावटें थीं। मोदी ने कहा कि स्टार्टअप सिस्टम देश में इसलिए आगे बढ़ रहा है क्योंकि स्टार्टअप को लेकर हमारे युवाओं में स्पिरिट (जोश) है। पहले देश में जोखिम लेने के काम को हतोत्साहित किया जाता था, अब यह मुख्य धारा का काम बन गया है। मासिक वेतन से आगे सोचने वाले को अब स्वीकार ही नहीं, अब उन्हें सम्मान दिया जाता है। मोदी ने कहा, श्जोखिम लेने की मेरी भी पुरानी आदत है।

### एआई क्रांति में स्टार्टअप्स की अहम भूमिका

प्रधानमंत्री ने अन्य राजनीतिक पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव हारने एवं कुर्सी जाने के डर से कई काम को दशकों से पुरानी सरकारों ने नहीं छुए। जिन काम को लेकर लोग कहते थे कि इनमें राजनीतिक रूप से काफी जोखिम है, मैं उन कार्यों को अपना दायित्व समझ कर जरूर करता हूं। जोखिम लेने पर मैं खास तौर पर जोर देत रहा हूं क्योंकि यह मेरी भी पुरानी आदत है। मेरा भी मानना है कि जो काम देश के लिए जरूरी है, उसे करने के लिए किसी न किसी को तो जोखिम लेना ही होगा।

# केंद्र से 114 अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद को मिली मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की वायु रक्षा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने 114 अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा खरीद बोर्ड द्वारा इस प्रस्ताव को हरी झंडी मिलना इस बहुप्रतीक्षित सौदे की पहली बड़ी औपचारिक सफलता मानी जा रही है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, यह प्रस्ताव अब रक्षा अधिग्रहण परिषद के पास जाएगा, जिसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। इसके बाद लागत पर बातचीत होगी और अंततः इस सौदे को कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी से अंतिम मंजूरी लेनी होगी। सूत्रों का कहना है कि भारत और फ्रांस इस अहम रक्षा समझौते को फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की प्रस्तावित मुलाकात के दौरान अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। इससे भारत-फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है। नई दिल्लौ राजधानी दिल्ली और इंदौर के बीच सफर करने वाले यात्रियों के लिए बुरी खबर हैं। दोनों शहरों के बीच चलने वाली इंदौर-दिल्ली (त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस 20957/58) का रूट का विस्तार हो गया है। इस बदलाव के चलते दिल्ली से इंदौर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों की दौड़ धूप बढ़ने वाली है। जानकारी के मुताबिक, मार्च से यह ट्रेन राजधानी के नई दिल्ली स्टेशन की बजाए दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन से संचालित होगी। इससे इंदौर और दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों की दिक्कतें बढ़ने की आशंका है।

## यूपी: सूची से गायब और नए मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग का विशेष अभियान

**एजेंसी। लखनऊ**

प्रदेश में गायब मिले मतदाताओं और नए मतदाता बनने के इच्छुक लोगों के लिए चुनाव आयोग खास मौके लेकर आया है। इसके लिए तीन विशेष अभियान तिथियां 18 जनवरी (रविवार), 31 जनवरी (शनिवार) और 1 फरवरी (रविवार) तय की गई हैं। इनमें वे मतदाता भी अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं, जो अनुपस्थित मिलने पर मसौदा मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए हैं। साथ ही 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोग भी अपना नाम 6 मार्च को आने वाली फाइनल सूची में अपना नाम शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन विशेष अभियान तिथियों के दौरान प्रदेश के सभी मतदान केंद्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और सहायक स्टाफ उपस्थित रहेंगे। पी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में मतदाताओं की सुविधा के लिए तीन विशेष अभियान तिथियां तय की गई हैं। एक चौथी विशेष अभियान तिथि जिला निर्वाचन अधिकारी अपने स्तर पर सुविधानुसार तय करेंगे। रिणवा ने बताया कि बीएलओ के पास 6 जनवरी को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची, गणना अवधि के दौरान अप्राप्त श्रेणी में चिह्नित मतदाताओं की सूची होगी।






# फौकानिया व मौलवी परीक्षा 2026 को लेकर प्रशासन सख्त, डीएम ने की ब्रीफिंग, कदाचारमुक्त आयोजन पर जोर



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित वर्ग फौकानिया एवं मौलवी परीक्षा, 2026 के स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में संबंधित पदाधिकारियों की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था संधारण, सुरक्षा व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन से जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। डीएम ने बताया कि मदरसा बोर्ड की यह परीक्षा 19 जनवरी से 25 जनवरी तक दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली पूर्वाहन 8.45 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपराहन 1.45 बजे से शाम पांच बजे तक संचालित होगी। सभी पालियों में परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने एवं समझने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश परीक्षा प्रारंभ से 15 मिनट पूर्व तक ही मान्य होगा।प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वर्ग मौलवी कला संकाय में पांच ऐच्छिक विषयों में से केवल चयनित तीन विषयों की परीक्षा देनी होगी। सभी संकायों में हिन्दी, अंग्रेजी एवं फारसी की परीक्षा एक साथ होगी, लेकिन परीक्षार्थी केवल एक चयनित भाषा की ही परीक्षा देंगे। विज्ञान संकाय में जीव विज्ञान एवं गणित तथा वाणिज्य संकाय में अर्थशास्त्र एवं एंटरप्रेन्योरशिप की परीक्षा एक साथ होगी, जिसमें से एक ही विषय देना अनिवार्य होगा। वहीं प्रायोगिक परीक्षाएं 27 जनवरी को संबंधित मदरसों में आयोजित की जाएंगी।परीक्षार्थियों को अपने निर्धारित स्थान पर बैठना अनिवार्य होगा। अधिकतम आधा घंटा विलंब से आने पर ही प्रवेश मिलेगा। प्रवेश पत्र और कलम के अतिरिक्त कोई भी सामग्री परीक्षा केंद्र में ले जाना वर्जित रहेगा। मोबाइल, स्मार्ट वॉच, ईयरफोन, कैलकुलेटर सहित सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। कदाचार में लिप्त पाए जाने पर तत्काल निष्कासन की कार्रवाई की जाएगी।

**सुरक्षा व निगरानी के पुख्ता इंतजाम**

अनुमंडल दंडाधिकारी बक्सर को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में धारा-163 (बीएनएसएस) लागू करने का निर्देश दिया गया है। अग्निशमन, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम को अलर्ट मोड में रखा जाएगा। सोशल मीडिया पर भी साइबर थाना एवं प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी की जाएगी।

**विधि-व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन के पास**

डीएम ने निर्देश दिया कि परीक्षा अवधि में अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे और सभी केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। किसी भी स्थिति में कदाचार या अव्यवस्था पाए जाने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# डीएम साहिला की अध्यक्षता में नगर निकायों की समीक्षा बैठक, सफाई से लेकर अतिक्रमण तक सख्त निर्देश

- **शहर की स्वच्छता, गंगा घाटों की निगरानी और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया गया जोर**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में नगर निकाय, विकास शाखा एवं लाईट एंड साउंड शो से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, अतिक्रमण हटाने, जनसुविधाओं की स्थिति तथा विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सप्ताह में कम से कम दो दिन स्वयं नगर क्षेत्र में उपस्थित रहकर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में नगर क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई, वेंडिंग जोन चिन्हित करने तथा निबंधित वेंडरों को निर्धारित स्थान आवंटित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शहर में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को तेज करने पर भी जोर दिया गया। कचरा प्रबंधन को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लैंडफिल साइट उपलब्ध होने तक शहर का कचरा अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई में भेजा जाए।

गंगा घाटों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए डीएम ने वहां निरंतर साफ-सफाई कराने और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया। इसके अलावा शहर के भीतर पेयजल, यूरिनल, शौचालय, सार्वजनिक स्थलों एवं अन्य जनसुविधाओं की नियमित सफाई और दैनिक अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा गया। महत्वाकांक्षी योजना ह्यमोक्ष धामह्न के निर्माण कार्य में हो रही देरी पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और परियोजना निदेशक बुडको से कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास योजनाओं में अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं है।

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नागरिकों को जागरूक करने हेतु स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित कराने और चयनित स्लोगनों को प्रमुख स्थलों व गंगा घाटों पर अंकित कराने का भी निर्देश दिया गया। इसके साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों और गंगा घाटों पर एलईडी के माध्यम से सरकारी योजनाओं और विभिन्न गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने को कहा गया।

बैठक में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) के निर्माण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को दो दिनों के भीतर स्थल चयन करने का निर्देश दिया गया। वहीं पीएम स्वनिधि योजना के तहत पात्र लाभुकों को योजना की जानकारी देने, आवेदन कराने और नियमित अनुश्रवण करने का आदेश दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लाभुकों को योजना से आच्छादित किया जा सके।

लाईट एंड साउंड शो से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने नगर परिषद बक्सर के कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अंत में बिना अनुमति के होर्डिंग, फ्लैक्स और बैनर लगाने वालों तथा सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा-कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया।

## एक नजर

### भाजपा नेता परशुराम चतुर्वेदी की तृतीय पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**बक्सर।** बक्सर विधानसभा क्षेत्र के महदह निवासी एवं पूर्व में एनडीए समर्थित विधानसभा प्रत्याशी रहे श्रद्धेय परशुराम चतुर्वेदी जी की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय अहिरौली में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा की शुरूआत स्व. परशुराम चतुर्वेदी के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वे जन-जन के चहेते, कर्मठ, मिलनसार एवं जुझारू नेता थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनका सरल स्वभाव और लोगों से सीधा संवाद उन्हें एक अलग पहचान देता था। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने कहा कि स्व. चतुर्वेदी पार्टी के समर्पित सिपाही थे, जिनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से विनोद राय, लक्ष्मण शर्मा, पुनीत सिंह, दीपक पांडेय, रमेश गुप्ता, मिठाई सिंह, श्रीमान तिवारी, अविनाश पांडेय, दीपक सिंह, अजय भट्ट, प्रकाश राय, मनोज दुबे, उमाकांत पांडेय, आशानंद सिंह, धनंजय मिश्रा, अमित पांडेय, संध्या पांडेय, नीलम सहाय, प्रिया राय, बबिता तिवारी, श्यामला पाठक, बालबचन पाठक तथा जिला मीडिया प्रभारी उमाशंकर राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभा का समापन स्व. परशुराम चतुर्वेदी के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ किया गया।

### चौसा के डिहरी मोड़ पर उत्पाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बोलेरो से भारी मात्रा में शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**बक्सर।** राजपुर थाना क्षेत्र के डिहरी मोड़ पर शुक्रवार की अहले सुबह उत्पाद पुलिस ने सघन वाहन जांच के दौरान एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में रोहतास जिले के नटवार थाना अंतर्गत धनकुटिया गांव निवासी सूरज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब की खेप बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून का उल्लंघन करते हुए तस्करी के लिए लाई जा रही थी। जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना पर उत्पाद विभाग की टीम सब-इंस्पेक्टर सुपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में डिहरी मोड़ पर जांच अभियान चलाई गई। इसी दौरान संदिग्ध बोलेरो वाहन को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में वाहन से 180 एमएल की 1099 टेट्रा पैक और 750 एमएल की 24 बोतलें अंग्रेजी शराब बरामद की गईं। जब्त शराब की कुल मात्रा लगभग 215.82 लीटर आंकी गई है। शराब को विधिवत जब्त कर वाहन को भी कब्जे में ले लिया गया। उत्पाद पुलिस के अनुसार, पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी शराब की तस्करी में संलिप्त होने की बात सामने आई है। प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि शराब की खेप को यूपी से लाकर रोहतास की ओर खपाने की योजना थी। टीम ने मौके पर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी हाल में अवैध शराब के कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# ब्रह्मपुर में देखते ही देखते आग का गोला बन गई खड़ी कार, जलकर हुई खाक

- **बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालु की कार धू-धू कर जली, जांच में जुटी पुलिस**



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र स्थित बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पूजा-दर्शन के दौरान एक श्रद्धालु की खड़ी कार में अचानक आग लग गई। मासिक शिवरात्रि के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद थी, ऐसे में यह घटना किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती थी। हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे सभी ने राहत की सांस ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलिया जिले के नगवां गांव निवासी पंकज कुमार चौरसिया, पिता अजय चौरसिया, अपने परिवार के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से मंदिर पहुंचे थे। पूजा-अर्चना से पहले उन्होंने अपनी कार मंदिर परिसर के पास खड़ी की और परिवार के साथ मंदिर में दर्शन के लिए चले गए। कुछ ही देर बाद स्थानीय लोगों ने कार से धुआं उठता देखा। देखते ही देखते कार में तेज आग लग गई और कुछ ही मिनटों में वाहन पूरी तरह आग की चपेट में आ गया। आग की ऊंची लपटें उठती देख मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस, स्थानीय लोगों और बाद में दमकल की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। घटना के कारण मंदिर परिसर में कुछ समय के लिए पूजा-पाठ और आवाजाही बाधित रही। हालांकि गनीमत रही कि आग आसपास खड़े अन्य वाहनों या भीड़ तक नहीं पहुंची, वरना बड़ा नुकसान हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अगर कुछ मिनट और देरी होती तो आग भयावह रूप ले सकती थी।

थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है, हालांकि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। इस मामले में ब्रह्मपुर थाने में सनहा दर्ज कर लिया गया है और जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# नया भोजपुर पुलिस का सख्त एक्शन, अपराध रोकने के लिए किरायेदारों का सत्यापन शुरू

- **बिना सत्यापन किराया देने पर सख्ती, मकान मालिकों को दी गई चेतावनी, बोले थानाध्यक्ष जनसुरक्षा**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए किरायेदार सत्यापन अभियान तेज कर दिया है। बढ़ते शहरीकरण और बाहरी लोगों की आवाजाही के बीच अपराध पर नियंत्रण के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार के नेतृत्व में थाना पुलिस ने क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और आवासीय इलाकों में घर-घर जाकर किरायेदारों की गहन जांच-पड़ताल की। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने मकान मालिकों से किरायेदारों से संबंधित पूरी जानकारी जुटाई। किरायेदारों के पहचान पत्र, स्थायी पता, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड नंबर, कार्यस्थल और पारिवारिक विवरण की जांच कर उन्हें सूचीबद्ध किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह महज औपचारिकता नहीं, बल्कि अपराध की रोकथाम की एक ठोस रणनीति है। कई मामलों में आपराधिक घटनाओं में बाहरी व्यक्तियों की भूमिका सामने आती रही है, ऐसे में समय रहते पहचान बेहद जरूरी है। पुलिस ने मकान मालिकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बिना पुलिस सत्यापन किसी को भी किराये पर न रखा जाए। जिन मकान मालिकों ने अब तक किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया है, उन्हें तत्काल थाने में आवश्यक दस्तावेज जमा करने को कहा गया है। पुलिस ने यह भी निर्देश दिया कि यदि किरायेदार घर में ताला बंद कर लंबे समय के लिए बाहर जाते हैं, तो इसकी सूचना थाने को अनिवार्य रूप से दी जाए, ताकि चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किरायेदार सत्यापन अभियान का मकसद आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई किसी को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि समाज को सुरक्षित रखने के लिए की जा रही है। पुलिस ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए बताया कि सत्यापन प्रक्रिया पूरी तरह जनहित में है और इसमें लापरवाही बरतने वालों पर आगे सख्त कार्रवाई भी की जा सकती है। नया भोजपुर पुलिस का यह अभियान साफ संदेश देता है कि क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों के लिए अब कोई जगह नहीं है। सतर्क पुलिस और जागरूक नागरिक मिलकर ही सुरक्षित समाज की नींव रख सकते है।

# छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस का सख्त पहरा शिकायत मिलने पर चार मिनट में पहुंचेगी पुलिस



- **नया भोजपुर में निर्भया बिग्रेड का स्कूल-कॉलेजों में सघन निरीक्षण**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर थाना क्षेत्र में छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस प्रशासन ने ठोस और जमीनी पहल शुरू की है। इसी क्रम में निर्भया बिग्रेड के माध्यम से क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह अभियान नया भोजपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार के निर्देशन में निर्भया बिग्रेड के प्रभारी हेड एसआई सुमन कुमार के नेतृत्व में संचालित हुआ। निरीक्षण के दौरान डीके कॉलेज, पुराना भोजपुर मध्य विद्यालय, उत्क्रमित हाई स्कूल पुराना भोजपुर, मध्य विद्यालय पुराना भोजपुर, चिलहरी हाई स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थानों का दौरा किया गया। निर्भया बिग्रेड की टीम ने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों और छात्राओं से सीधे संवाद कर सुरक्षा से जुड़े अहम पहलुओं पर चर्चा की।

**स्कूल परिसरों के बाहर भी कड़ी नजर**

अभियान के दौरान टीम ने केवल विद्यालय परिसरों तक ही सीमित न रहकर स्कूलों और कॉलेजों के आसपास के क्षेत्रों का भी जायजा लिया। आवागमन के रास्तों, सुनसान इलाकों, संभावित असामाजिक गतिविधियों और छात्राओं को होने वाली परेशानियों की जानकारी एकत्र की गई। शिक्षकों से यह भी पूछा गया कि छात्राओं को किन-किन स्थानों पर असहजता महसूस होती है, ताकि उन बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा सके।

**छात्राओं से सीधा संवाद, नंबर किया साझा**

हेड एसआई सुमन कुमार ने विद्यालयों में पढ़ने वाली बच्चियों से सीधे संवाद करते हुए उन्हें निर्भया बिग्रेड के संपर्क नंबर लिखवाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि छेड़छाड़, फब्तियां कसने, पीछा करने या किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि की स्थिति में बिना डर तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाली छात्रा या व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

**चार मिनट में पहुंचेगी क्विक रिस्पांस टीम**

निर्भया बिग्रेड टीम के एएसआई मोहम्मद शाहिद ने बताया कि यह टीम क्विक रिस्पांस मोड में काम करेगी। किसी भी विद्यालय या छात्रा से सूचना मिलते ही टीम चार मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करेगी। सभी विद्यालयों के प्राचार्यों से समन्वय स्थापित कर उनके संपर्क नंबर लिए गए हैं और टीम का नंबर भी साझा किया गया है, ताकि आपात स्थिति में तत्काल संपर्क हो सके।

**मनचलों को सख्त चेतावनी**

थानाध्यक्ष चंदन कुमार और एसआई सुमन कुमार ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि छात्राओं की सुरक्षा में बाधा बनने वाले मनचलों और असामाजिक तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और समाज के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध तभी मजबूत होंगे, जब पुलिस का सीधा संवाद बच्चियों से होगा। पुलिस प्रशासन की इस सक्रिय पहल से क्षेत्र में छात्राओं और अभिभावकों के बीच सुरक्षा को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है, वहीं असामाजिक तत्वों में स्पष्ट संदेश गया है कि अब लापरवाही नहीं, बल्कि त्वरित कार्रवाई होगी।

Mob: 9122226720

कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक

सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव

डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ

डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार

डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

# पंचायत भवन से बदली सोच: डाक चौपाल बना बेटियों के सपनों और सुरक्षित भविष्य का मंच

- **ग्रामीणों ने जाना निवेश का आसान रास्ता, सुकन्या योजना और डाक बीमा को मिला व्यापक समर्थन**



**केटी न्यूज/सिमरी**

ग्रामीण इलाकों में अक्सर वित्तीय जानकारी के अभाव में लोग सुरक्षित निवेश से दूर रह जाते हैं, लेकिन शुक्रवार को बड़का सिंहनपुरा पंचायत भवन में आयोजित डाक चौपाल ने इस सोच को बदलने का काम किया। डुमरी डाकघर के अंतर्गत आयोजित इस विशेष चौपाल ने न सिर्फ डाक विभाग की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया, बल्कि बेटियों के भविष्य को लेकर जागरूकता की एक नई लहर भी पैदा की। डाक अधीक्षक सरिता कुमारी के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मुखिया वीरेंद्र पाठक ने की। चौपाल का माहौल किसी औपचारिक सरकारी कार्यक्रम जैसा नहीं, बल्कि संवाद और समाधान केंद्रित रहा, जहां ग्रामीणों ने खुलकर सवाल पूछे और योजनाओं की बारीकियां समझीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाक निरीक्षक मनीष कुमार ने अपने संबोधन में बेटियों के भविष्य को केंद्र में रखते हुए सुकन्या समृद्धि योजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना छोटी-छोटी बचत को बड़े सपनों में बदलने का माध्यम है। मात्र 250 रुपये से खाता खोलकर अभिभावक अपनी बेटी की शिक्षा और विवाह जैसी जरूरतों के लिए मजबूत आर्थिक आधार तैयार कर सकते हैं। आकर्षक ब्याज दर और कर लाभ के कारण यह योजना ग्रामीण परिवारों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। डाक निरीक्षक ने डाक जीवन बीमा को भी ग्रामीण सुरक्षा कवच बताया। उन्होंने कहा कि यह बीमा योजना मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के साथ-साथ उच्च आय वर्ग के लोगों के लिए भी समान रूप से उपयोगी है। कम प्रीमियम, अधिक कवरेज और सरकारी गारंटी के कारण ग्रामीणों में इस योजना को लेकर खासा भरोसा देखने को मिला।

चौपाल के दौरान सेवा का व्यावहारिक रूप भी देखने को मिला। शून्य से पांच वर्ष तक के दर्जनों बच्चों के आधार कार्ड मौके पर ही बनाए गए। वहीं, सैकड़ों ग्रामीणों ने विभिन्न डाक योजनाओं में ऑन-स्पॉट खाते खुलवाए। इससे यह स्पष्ट हुआ कि सही जानकारी और सुविधा मिलने पर ग्रामीण निवेश के लिए आगे आने को तैयार हैं। मुखिया वीरेंद्र पाठक ने कहा कि डाक विभाग की योजनाएं केवल बचत और बीमा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सरकारी पेंशन, अनुदान और सामाजिक सुरक्षा की कई राशियां भी इन्हीं खातों के माध्यम से सीधे लाभार्थियों तक पहुंचती हैं। कार्यक्रम के अंत में पोस्टमास्टर पंकज कुमार ओझा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर ओवरसीयर कमलेश यादव, विकास यादव, सनी कुमार, प्रशांत कुमार, ज्योति कुमार, संजय गोंड सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।यह डाक चौपाल साबित हुआ कि जब जानकारी, विश्वास और सुविधा एक मंच पर मिलते हैं, तो ग्रामीण भारत में वित्तीय सशक्तिकरण की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी मरीज को समय से नहीं मिला एंबुलेंस

# एंबुलेंस नहीं मिलने पर रणक्षेत्र बना डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल शीशे व स्टेज्चर टूटे, डॉक्टर व कर्मियों ने भागकर बचाई जान





- **परिजनों ने अस्पताल के मुख्य गेट व स्टेज्चर समेत कई उपकरणों को पहुंचाया नुकसान**
- **घटना के बाद डॉक्टरों व कर्मियों में मच गई थी अफरा-तफरी, सुरक्षा की उठी मांग, बोली उपाधीक्षक नशे में थे अधिकतर लोग**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में समय से एंबुलेंस नहीं मिलने से नाराज एक मरीज के साथ आए सैकड़ो की तादात में युवक आक्रोशित हो बवाल मचाने लगे तथा अस्पताल में तोड़-फोड़ कर दिए। घटना शुक्रवार अपराह्न करीब साढ़े तीन से चार बजे के बीच की है। घटना के समय अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर श्रुति प्रकाश अपने चैंबर में जबकि इमरजेंसी में डॉक्टर लोकेश कुमार मौजूद थे। उपद्रवी तत्वों ने अस्पताल के मुख्य गेट तथा इमरजेंसी की तरफ जाने वाले कारिडोर में लगे गेट के शीशे, दो स्टेज्चर तथा कई अन्य उपकरण तोड़ दिए। इसके बाद सभी उपाधीक्षक कक्ष की तरफ भी बढ़े। हालांकि स्थिति को भांप उपाधीक्षक डॉ. श्रुतिप्रकाश, इमरेजेंसी में तैनात डॉ. लोकेश कुमार समेत अन्य कर्मी अस्पताल छोड़ अनुमंडल कार्यालय में भाग अपनी जान बचाई। इस दौरान डीएस की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान कुछ मिनट बाद ही एंबुलेंस भी आ गई, जिस पर मरीज को लाद सभी उपद्रवी वहां से भाग खड़े हुए।

**रेफर के बाद एंबुलेंस के लिए हुआ बवाल**

इस संबंध में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. श्रुति प्रकाश का कहना था कि सड़क दुर्घटना में जख्मी हो दो युवक आए थे, जिनका तत्काल प्राथमिक इलाज किया गया। इसमें दो युवकों को गंभीर चोटे आई थी तथा उसकी स्थिति चिंताजनक थी। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया था। इसके बाद मरीज के परिजन एंबुलेंस बुलाने की मांग करने लगे। उपाधीक्षक ने बताया कि उनके कहने पर अस्पताल द्वारा एंबुलेंस की व्यवस्था की जा रही थी, इसी दौरान सभी आक्रोशित हो गए तथा अस्पताल में तोड़फोड़ करने लगे। उपाधीक्षक का आरोप है कि अधिकांश युवक नशे की हालत में थे तथा किसी को बात नहीं सुन रहे थे।

**अब पूरी घटना समझिए**

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के चौकियां गांव के समीप एनएच 922 पर एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार बड़का ढकाईच गांव निवासी करण दूबे पिता निर्मल दूबे, भोला दूबे पिता स्व. सत्येन्द्र दूबे तथा एक अन्य युवक जख्मी हो गए। इनमें करण व भोला को गंभीर चोटे आई थी, जबकि तीसरा युवक आंशिक रूप से जख्मी था।

इसकी जानकारी मिलते ही कृष्णाब्रह्म थाने की डायल 112 की टीम उन्हें लेकर डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची। इमरेजेंसी में ड्यूटि कर रहे डॉ. लोकेश ने उनका प्राथमिक इलाज किया। इस दौरान दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉ. लोकेश ने दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस दौरान दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दर्जनों बाइक पर सवाल युवक अस्पताल पहुंचे तथा एंबुलेंस नहीं मिलने पर बवाल मचाते हुए तोड़फोड़ की।

कर्मियों का कहना है कि इस दौरान आक्रोशित युवक डॉक्टर व अस्पतालकर्मियों को भी टारगेट करना चाह रहे थे, लेकिन तबतक सभी सुरक्षित अनुमंडल कार्यालय में जा छिप गए थे। पुलिस के आने पर सभी अपने मरीज को लेकर भाग खड़े हुए। इस दौरान अस्पताल में देर तक अफरा-तफरी कायम रही।

**डॉक्टरों को मिले पुख्ता सुरक्षा - डॉ. लोकेश**

इस दौरान डॉ. लोकेश ने कहा कि ऐसे माहौल में मरीजों का इलाज संभव नहीं है। उन्होंने दो टूक डॉक्टरों की सुरक्षा व अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की और कहा कि जबतक डॉक्टरों व अन्य कर्मियों की सुरक्षा पुख्ता नहीं होती है, तबतक ऐसे माहौल में मरीजों का इलाज कैसे होगा।

**बोली उपाधीक्ष, मामले में दर्ज कराया जाएगा एफआईआर**

इस संबंध में अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. श्रुतिप्रकाश ने कहा कि मरीज के साथ आए युवकों का व्यवहार अमानवीय था, अधिकांश लोग नशे की हालत में थे। उन्होंने कहा कि अस्पताल में तोड़-फोड़ किए जाने को ले एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। फिलहाल नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

## एक नजर

### सबका सम्मान-जीवन आसान: बक्सर में हर सोमवार-शुक्रवार जनता से मिलेंगे अफसर

**बक्सर।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत सातवें निश्चय ह्लसबका सम्मानहृजीवन आसानह्व को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से बक्सर जिला प्रशासन ने सभी विभागों एवं कार्यालयों के प्रधानों को सख्त निर्देश जारी किया है। मुख्य सचिव, बिहार सरकार, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के आलोक में यह व्यवस्था की गई है, ताकि आम नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। निर्देश के अनुसार बक्सर जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी कार्यालयों में प्रत्येक सप्ताह दो कार्य दिवस सोमवार और शुक्रवार को आम लोग अपनी शिकायतों के निष्पादन के लिए सीधे संबंधित पदाधिकारी से मिल सकेंगे। इन दोनों दिनों में पदाधिकारी अपने द्वारा निर्धारित समय पर कार्यालय कक्ष या कार्य स्थल पर उपस्थित रहेंगे और लोगों की समस्याओं को गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुनेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित दिनों में यदि किसी अपरिहार्य कारण से संबंधित पदाधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं रह पाते हैं, तो उनके द्वारा अधिकृत पदाधिकारी जनता से मिलने के कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं, जिन पदाधिकारियों के पास एक से अधिक विभाग या कार्यालय का प्रभार है, वे सोमवार एवं शुक्रवार को सुविधानुसार समय निर्धारित कर सभी कार्यालयों में उपस्थित होकर लोगों से मिलना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही सभी सरकारी कार्यालयों को निर्देश दिया गया है कि आगंतुकों के साथ सम्मानपूर्ण व्यवहार किया जाए। कार्यालयों में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, आगंतुकों से प्राप्त शिकायतों के लिए शिकायत पंजी का संधारण करते हुए उनके सतत अनुश्रवण की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि शिकायतें लंबित न रहें। जिला प्रशासन ने सभी कार्यालय प्रधानों को निर्देशित किया है कि वे इन दिशा-निर्देशों के आलोक में दिनांक 19 जनवरी 2026 से जनता से मिलने का नियमित कार्यक्रम निर्धारित कर इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। प्रशासन का मानना है कि इस पहल से न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि जनता का विश्वास भी मजबूत होगा और ह्लसबका सम्मान-जीवन आसानह्व का उद्देश्य धरातल पर साकार हो सकेगा।

### कृष्णाब्रह्म में गांजा तस्करी का खुलासा, महिला और किशोर दबोचे गए, फरार आरोपी की तलाश तेज

**कृष्णाब्रह्म।** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरियाव गांव में पुलिस ने गांजा तस्करी के एक संगठित नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 300 ग्राम गांजा के साथ एक महिला और एक किशोर को हिरासत में लिया है। इस कार्रवाई से इलाके में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री को लेकर चल रही चर्चाओं पर विराम लगा है।

पुलिस के अनुसार, गुरुवार शाम गुप्त सूचना मिली थी कि अरियाव गांव में कुछ लोग गांजा की खुलेआम बिक्री कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद डुमरांव अंचलाधिकारी की मौजूदगी में एक घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपित के घर से 300 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस को देखते ही घर में मौजूद लोग भागने लगे, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस बल ने महिला कांति देवी और एक किशोर को पकड़ लिया। इस दौरान एक अन्य आरोपी मौके से फरार हो गया।

बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पकड़े गए महिला और किशोर को शुक्रवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और पूरे नेटवर्क की कड़ियों को खंगाला जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नशे के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# स्व. राज ऋषि राय के श्राद्धकर्म पर श्रद्धांजलि सभा, कांग्रेसजनों ने किया उनके योगदान का स्मरण

**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता स्व. राज ऋषि राय के अंतिम श्राद्धकर्म एवं ब्रह्म भोज के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं, समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके सामाजिक-राजनीतिक योगदान को याद किया।

श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. पांडे ने कहा कि स्व. राज ऋषि राय केवल एक निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ता ही नहीं थे, बल्कि वे समाज के हर वर्ग, हर जाति और हर धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने वाले सच्चे जननेता थे। उन्होंने कहा कि राय जी सदैव गरीब, गुरबा और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई में अग्रिम पंक्ति में खड़े रहते थे और उनके सुख-दुख में सहभागी बनते थे।

डॉ. पांडे ने कहा कि आज उनकी पुण्य स्मृति पर पुष्प अर्पित करना हम सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। उनके व्यक्तित्व और चरित्र का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि उनके असामयिक निधन से कांग्रेस परिवार को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसकी भरपाई कर पाना अत्यंत कठिन है। उन्होंने यह भी कहा कि व्यक्तिगत जीवन में स्व. राय जी का मार्गदर्शन और सहयोग उनके लिए अमूल्य रहा, जिसकी कमी आज भी गहराई से महसूस होती है।

सभा को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय राज ऋषि राय जी का जीवन सादगी, संघर्ष और जनसेवा का प्रतीक था। वे पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए सदैव सक्रिय रहते थे।

# डुमरांव में आवागमन की बड़ी समस्या का समाधान जल्द, 50 लाख से बनेगी दो नई पुलियां

- **अकालुपुर-बीएमपी कैम्प मार्ग पर जर्जर पुलियों से बढ़ा खतरा, जलजमाव हटते ही शुरू होगा निर्माण कार्य**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव प्रखंड क्षेत्र में लोगों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से आवागमन की समस्या और दुर्घटना के खतरे से जूझ रहे अकालुपुर एवं बीएमपी कैम्प को जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित दो महत्वपूर्ण पुलियों का निर्माण अब नए सिरे से किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग, प्रमंडल डुमरांव की ओर से इन दोनों पुलियों के निर्माण पर कुल 50 लाख रुपये की लागत स्वीकृत की गई है। प्रत्येक पुलिया पर लगभग 25-25 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।

यह मार्ग न केवल स्थानीय ग्रामीणों के लिए, बल्कि बीएमपी कैम्प में प्रशिक्षण के लिए आने-जाने वाले सैकड़ों जवानों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान स्थिति में अकालुपुर जाने वाली पुरानी पुलिया को पूरी तरह तोड़ दिया गया है, जिसके कारण इस रास्ते पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। लोगों को अस्थायी रूप से बनाए गए डायवर्जन के सहारे आवाजाही करनी पड़ रही है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर, बीएमपी कैम्प को जोड़ने वाली पुलिया अभी उपयोग में है, लेकिन इसकी हालत काफी जर्जर हो चुकी है। स्थानीय लोग इसे ह्लमौत का डगरह्व कह रहे हैं। रोजाना बड़ी संख्या में जवान, आम नागरिक, छात्र और व्यापारी इसी रास्ते से गुजरते हैं। पुलिया की खराब स्थिति के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे लोगों में भय और आक्रोश दोनों व्याप्त हैं। ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार, फिलहाल नहर में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है, जिसके कारण निर्माण कार्य अस्थायी रूप से रुका हुआ है। हालांकि विभागीय स्तर पर सभी तकनीकी और प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जैसे ही पानी उतरता है, निर्माण कार्य को तेज गति से शुरू कर दिया जाएगा।ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता ई. संजय कुमार ने बताया कि विभाग इस समस्या को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पुलियों के निर्माण के बाद इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह सुचारू हो जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ बीएमपी कैम्प के जवानों को भी बड़ी राहत मिलेगी।

# विशेश्वर डेरा में महिलाओं को किया गया जागरूक, योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

- **जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन की पहल से महिलाएं हुईं सशक्त**




**केटी न्यूज/चक्की**

महिला एवं बाल विकास निगम तथा जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में चक्की प्रखंड अंतर्गत विशेश्वर डेरा गांव के अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र में जिला हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा एक सफल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं आपातकालीन सहायता सुविधाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना था।

कार्यक्रम में चक्की परियोजना के अंतर्गत आने वाली अनुसूचित जाति की बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। जागरूकता सत्र के दौरान महिलाओं को महिला हेल्पलाइन 181 एवं जिला हब कार्यालय के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि वे किसी भी समस्या की स्थिति में निर्भीक होकर सहायता प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, शक्ति सदन, जननी सुरक्षा योजना, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा से जुड़ी जानकारियां, जीविका समूहों से संबंधित योजनाएं, श्रम संसाधन विभाग की योजनाएं तथा खेती-किसानी से जुड़ी सरकारी सुविधाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। महिलाओं को बताया गया कि वे इन योजनाओं का लाभ कैसे और कहां से प्राप्त कर सकती हैं।

लगभग एक घंटे तक चले संवादात्मक सत्र में महिलाओं को शिक्षा के महत्व, आत्मनिर्भर बनने तथा अपने पैरों पर खड़े होने के लिए प्रेरित किया गया। इस क्रम में जिला नियोजन कार्यालय की भूमिका और वहां उपलब्ध रोजगार संबंधी सुविधाओं की भी जानकारी दी गई। साथ ही, महिलाओं को उनके लैंगिक अधिकारों, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया, ताकि वे भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना सशक्त रूप से कर सकें।

कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित पंपलेट का वितरण भी किया गया, जिससे जागरूकता का प्रभाव लंबे समय तक बना रहे।

इस जागरूकता कार्यक्रम में जिला हब कार्यालय से लैंगिक विशेषज्ञ शिवांगी, एएनएम रीता कुमारी, एमटीएस मुकेश कुमार, महिला प्रवेक्षिका रेनू प्रभा, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को महिलाओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

# मौनी अमावस्या स्नान पर्व को लेकर बक्सर में बदली यातायात व्यवस्था, कई मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध

**केटी न्यूज/बक्सर**

मौनी अमावस्या गंगा स्नान पर्व 2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने बक्सर शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। यह व्यवस्था 18 जनवरी को सुबह 2 बजे से संध्या 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत शहर के कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण अथवा आंशिक प्रतिबंध लगाया गया है।

जारी निर्देशों के अनुसार ज्योति चौक से थाना चौक मार्ग पर केवल दो पहिया वाहनों को ही अनुमति दी गई है, जबकि थाना चौक से नाथ बाबा पुल, रामरेखा घाट, पीपी रोड, पुराना सदर अस्पताल की ओर जाने वाले मार्गों पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं मुनीम चौक से जमुना चौक, ठठेरी बाजार, थाना चौक तथा सिंडिकेट से जमुना चौक और थाना चौक तक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। मठिया पुल से मुनीम चौक तक भी वाहनों पर रोक रहेगी।

चार पहिया वाहनों के लिए प्रशासन ने वैकल्पिक रूट निर्धारित किए हैं। गोलम्बर से सिंडिकेट, बाईपास, ज्योति चौक, आईटीआई रोड, मठिया मोड़ होते हुए दानी कुटिया तथा गोलम्बर से सिंडिकेट, ज्योति चौक, अम्बेडकर चौक होते हुए इटाढ़ी गुमटी तक जाने की अनुमति दी गई है।

ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा एवं मोटरसाइकिल के लिए भी अलग-अलग रूट तय किए गए हैं। इसके साथ ही बस, ट्रैक्टर, चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों के लिए सिंडिकेट के पास, आईटीआई मैदान रोड, बाजार समिति ग्राउंड एवं हवाई अड्डा मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। दो पहिया वाहनों के लिए ज्योति चौक से अम्बेडकर चौक के बीच सड़क किनारे तथा किला मैदान के पीछे पार्किंग निर्धारित की गई है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रोगी, एम्बुलेंस एवं अति आवश्यक सेवा वाले वाहनों पर नो एंट्री लागू नहीं होगी। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र तथा रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्री टिकट साथ लेकर निकलेंगे। आम नागरिकों से अपील की गई है कि अनावश्यक रूप से चार पहिया वाहनों का प्रयोग न करें। इसके अलावा 17 जनवरी की रात 10 बजे से 18 जनवरी की रात 10 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# होली पर बिहार के लिए दिल्ली समेत कई राज्यों से चलेगी 200 स्पेशल बसें




**एजेंसी/पटना**

होली पर बिहार के लिए दिल्ली, पंजाब, यूपी, पश्चिम बंगाल और झारखंड से 200 BSRTC स्पेशल बसें चलेंगी। ऑनलाइन एडवांस टिकट बुकिंग 1 फरवरी 2026 से शुरू होगी। यात्रियों को एसी और नॉन-एसी डीलक्स बसों में सुरक्षित और आरामदायक यात्रा मिलेगी। बिहार सरकार प्रवासी बिहारियों की सुविधा के लिए होली के अवसर पर 200 स्पेशल बसें चलाएगी। ये बसें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड समेत अन्य राज्यों से बिहार के लिए संचालित होंगी। इन बसों में एसी और नॉन-एसी डीलक्स श्रेणी की बसें शामिल होंगी, जिनमें 50-60 सीटों की क्षमता होगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (BSRTC) द्वारा यह सुविधा 15 फरवरी से 15 मार्च 2026 तक उपलब्ध कराई जाएगी। एडवांस ऑनलाइन टिकट बुकिंग 1 फरवरी 2026 से शुरू होगी। यात्री BSRTC की आधिकारिक वेबसाइट https://bsrtc.bihar.gov.in पर जाकर आसानी से टिकट बुक कर सकते हैं। भुगतान के लिए यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। बिहार सरकार इन बसों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में संचालित करेगी। परिवहन विभाग की ओर से सभी बसों के फाइनल रूट और किराया तय किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य दूसरे राज्यों में पढ़ाई या रोजगार कर रहे बिहारियों को त्योहार पर घर आने और वापस जाने में सुविधा देना है। BSRTC का दावा है कि इन बसों में यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और किफायती यात्रा की सुविधा मिलेगी। निगम ने चिह्नित बस पड़ावों पर महिला और पुरुष दोनों के लिए स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था करने का भी प्रबंध किया है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हर साल त्योहारों पर बिहार की ट्रेनों में भारी भीड़ रहती है। इसी वजह से इस बार होली पर विशेष बसों का संचालन किया जा रहा है, ताकि यात्री बिना किसी चिंता के समय पर अपने घर पहुंच सकें। पिछले साल भी दुर्गा पूजा और छठ के अवसर पर BSRTC ने 220 विशेष बसों का संचालन किया था, जिससे इस बार होली पर भी प्रवासियों को सुविधा मिल सके।

## अलग-अलग स्थानों से पांच गिरफ्तार

# भोजपुर में देसी पिस्टल-कट्टा सहित 5 बदमाश गिरफ्तार, अवैध हथियार और बाइक जब्त



**केटी न्यूज/रोहतास**

भोजपुर पुलिस द्वारा अवैध हथियारों की बरामदगी को लेकर लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत नारायणपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियारों, कारतूस और मोबाइल के साथ पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पास से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, एक कारतूस, पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जबकि दो बाइक भी जब्त की गई हैं। पहली सफलता नारायणपुर थाना क्षेत्र के बनौली मोड़ के पास मिली, जहां पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देसी पिस्टल, एक कारतूस और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए तथा उनकी बाइक को जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों में नवादा थाना क्षेत्र के अनाईठ मोहल्ला निवासी रिशु कुमार, बक्सर जिले के डुमरांव थाना क्षेत्र के हथेलीपुर मठिया गांव निवासी गोविंद कुमार तथा अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के तार मठिया गांव निवासी रंजीत कुमार गोस्वामी शामिल हैं।

### तीन बदमाश हथियार के साथ मौजूद

पुलिस अधीक्षक राज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नारायणपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बनौली मोड़ के पास तीन बदमाश हथियार के साथ मौजूद हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस वहां पहुंची, तो पुलिस को देखकर तीनों बदमाश भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें पकड़ लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार रंजीत कुमार गोस्वामी, रिशु कुमार और गोविंद कुमार हथियारों की खरीद-बिक्री के धंधे में संलिप्त हैं।

### हथियार और मोबाइल के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

वहीं दूसरी सफलता नारायणपुर थाना क्षेत्र के वरुणा पेट्रोल पंप के पास मिली, जहां से पुलिस ने हथियार और मोबाइल के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देसी कट्टा और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए तथा उनकी बाइक को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाशों में नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव निवासी हरेंद्र साह और सहार थाना क्षेत्र के मिश्रीचक गांव निवासी मनीष कुमार शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वरुणा पेट्रोल पंप के पास दो बदमाशों के हथियार के साथ होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद नारायणपुर थाना में पांचों आरोपितों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# रजौली में नए केनरा बैंक ब्रांच का हुआ भव्य शुभारंभ

**बैंक अधिकारी बोलें..उपभोक्ताओं को मिलेगी विशेष सुविधा**




**केटी न्यूज/रोहतास**

प्रखंड क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड स्थित आर्य समाज मंदिर समीप नवनिर्मित भवन में शुक्रवार को केनरा बैंक के नए ब्रांच का भव्य उद्घाटन हुआ। उक्त मौके पर केनरा बैंक के सर्किल ऑफिस,पटना के डीजीएम प्रमोद कुमार ने फीता काटकर बैंक का शुभारंभ किया। बैंक का शुभारंभ के दौरान पहले विधि विधान से पूजन किया गया। तत्पश्चात फीता काटकर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रीजनल ऑफिस,गया के एजीएम कपिल गणेश गॉड के साथ सीनियर मैनेजर पंकज कुमार,सूरज कुमार और सुधांशु रंजन के साथ ब्रांच मैनेजर रणविजय कुमार मिश्रा मौजूद रहे। अवसर पर डीजीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि रजौली में नए सरकारी केनरा बैंक ब्रांच में नए उपभोक्ताओं को मिलेगी विशेष सुविधा। इसका मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचा बेहतर कस्टमर सर्विस मुहैया कराना है। वहीं एजीएम कपिल गणेश गॉड ने कहा कि यह ब्रांच गया क्षेत्र में 50वां एवं पूरे बिहार में 330वां ब्रांच है, जिसका मुख्य उद्देश्य भारत सरकार की नीतियों को प्रत्येक गांव के घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि रजौली शाखा का मुख्य उद्देश्य जन-धन खाता खुलवाना, सस्ती बीमा योजना व पेंशन योजना की जानकारी देना,मुद्रा लोन समेत अन्य योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाना है।

ब्रांच मैनेजर रणविजय कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना वित्तीय समावेशन के अंतर्गत हर तबके के व्यक्ति को बैंक से जोड़ने और सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देना है।उन्होंने आम लोगों से अपील किया है कि वे बैंक आकर अपना खाता खुलवाएं और योजनाओं का लाभ उठावें। मौके पर मकान मालिक नीरज कुमार सिंह व धीरज कुमार सिंह,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बब्लू पंडित,राजेश कुमार,मनोज कुमार पंडित,राजन सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# हिंदू जागृति मंच के नेतृत्व में निकला श्रीमद् भागवत कथा की शोभायात्रा



**केटी न्यूज/रोहतास**

हिंदू जागृति मंच रोहतास के बैनर तले आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन के उपलक्ष्य में गुरुवार की सुबह भव्य कलश यात्रा निकाला गया। रोहतास प्रखंड मुख्यालय के समय गायत्री शक्तिपीठ मंदिर के मुख्य द्वार से सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने जयकारों के साथ हाथों में कलश, झंडा पताका लेकर सोन नदी के लिए प्रस्थान किया। जो नगर पंचायत रोहतास के मुख्य बाजार का भ्रमण करते हुए सोन नदी के तट पर गए। वहां ढोल नगाड़े पारंपरिक गीत एवं मंत्र उच्चारण के साथ कलश में जल भरकर पुनः भक्ति मय माहौल में झूमते हुए श्रद्धालु गायत्री मंदिर शक्तिपीठ वापस पहुंचे। याह कलश यात्रा करीब 4 घंटे तक चला। यात्रा में निर्धारित रूट के अनुसार जगह-जगह पर रोहतास थाने के पुलिस के अधिकारी और जवानों को तैनात किया गया था, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी तरह के परेशानी ना हो। नगर भ्रमण के दौरान भी बाजार में पुलिस पहले ही रूट को क्लियर कर ली थी। कलश यात्रा में चल रहे श्रद्धालु लाल, पिले गेरूवा रंग में रंगे दिख रहे थे,आयोजन मंडली में शामिल उदय कुमार गुप्ता,पूर्व मुखिया संतोष कुमार भोला, पूर्व मुखिया रोहतासगढ़ कृष्ण सिंह यादव,आलोक कुमार सोनी, सुनील कुमार आला, सुशील कुमार गुप्ता आदि ने बताया कि हर वर्ष गायत्री शक्तिपीठ में हिंदू जागृति मंच के बैनर तले सात दिवसीय श्रीमद् भागवत यज्ञ का आयोजन होता है। जो इस साल भी यज्ञ पूरे भव्यता के साथ मनाया जा रहा है। जो 21 जनवरी के शाम इसकी पूणार्हुति होगी और 22 जनवरी के दोपहर बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं।मौके पर बेबी देवी, संगीता देवी,अनीता देवी, जितेंद्र सोनी, मुकेश सिंह, वरीय पत्रकार उदय कुमार तिवारी, प्रमोद पासवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### रोहतास डीएम ऑफिस की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

**सासाराम।** आदेश की अवहेलना करने को जिला जज 4 अनिल कुमार की अदालत ने गंभीरता से लेते हुए डीएम कार्यालय की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया है। अदालत का कहना था कि आदेश की अवहेलना पर रोहतास डीएम पर 23 दिसंबर 2025 को ही 10 हजार रुपए हजार्ना लगाया गया था। बावजूद इसके वे निष्पादन पर ध्यान नहीं देकर न्यायालय के साथ लुका-छिपी खेल रहे हैं। जिसे लेकर कुर्की आदेश तब तक जारी रहेगा,जबतक जुमार्ने के साथ निर्गत राशि की वसूली नहीं हो जाती है। बताया जाता है कि ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के ब्रांच मैनेजर ने संजय कुमार गुप्ता के विरुद्ध केस वर्ष 2014 में दायर किया था। इसमें वाहन दुर्घटना क्लेम केस में निर्गत राशि भुगतान कराने के लिए डीएम को निर्देशित किया गया था। कोर्ट ने नगर थाना अध्यक्ष को नाजिर को जरूरी पुलिस बल कुर्की के लिए मुहैया कराने को कहा गया है। साथ ही पूरी प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर सूचित करने को कहा है।

### पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बरामद, तस्कर फरार

**बिक्रमगंज।** दावथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम चकचातर से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है ।पुलिस ने मौके से एट पीएम कंपनी की कुल 31 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की। जिसकी कुल मात्रा 267.84 लीटर बताई जा रही है। इस संबंध में दावथ थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा ने जानकारी देते हुए बताया कि बरामदगी के मामले में थाना क्षेत्र के ग्राम चकचातर एवं परमेश्वरपुर निवासी व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी कीमत पर शराब तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### डीएम ने जीविका मार्ट और प्रशिक्षण भवन का लिया जायजा,कार्य में तेजी

**बिहिया।** नगर में जीविका मार्ट सह प्रशिक्षण केंद्र भवन निर्माण का जायजा भोजपुर डीएम तनया सुल्तानिया द्वारा लिया गया इसके बाद से काम के निर्माण में तेजी आ गई है। बताया जा रहा है कि बिहिया में जीविका मार्ट सह प्रशिक्षण केंद्र भवन निर्माण करने को लेकर जून 2025 में ही स्थल चयनित कर बिहिया सीओ रचना कुमारी द्वारा दी गई थी, जिसमें किसान भवन का बाउंड्री (क्षतिग्रस्त गुमटीनुमा ईंट का दुकान भी है।) राजस्व कर्मचारी द्वारा खाता- 912, खेसरा- 486 और रकवा- 9 एकड़ 78 डिसमिल का रिपोर्ट किया गया है। इस दौरान भोजपुर डीएम द्वारा निरीक्षण करने के बाद काम में तेजी आ गया है। अब उम्मीद लगाया जा रहा है कि जल्द ही भवन तैयार हो जायेगा।

### पुलिस ने गांजा के साथ दो धंधेबाज को दबोचा

**आरा।** पुलिस द्वारा मादक पदार्थ को लेकर चलाए जा रहे लगातार अभियान के अंतर्गत बिहिया थाना पुलिस को एक सफलता हाथ आई है। इस कड़ी में बिहिया थाना पुलिस द्वारा 880 ग्राम गांजा के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया। उनकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव स्थित उनके घर से की। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 880 ग्राम गांजा बरामद किया। गिरफ्तार धंधेबाजो में बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव निवासी शिवपरसन यादव का पुत्र संतोष यादव एवं उसी गांव के निवासी राजू साह का पुत्र सोनू साह शामिल है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। उन्होंने बताया कि बिहिया थाना पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बेलवनिया गांव में मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन उपरांत बिहिया थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष उदय शंकर के नेतृत्व में टीम गठित कर बेलवनिया गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान सोनू साह एवं संतोष यादव को गिरफ्तार किया गया। तालाशी के क्रम दोनों के घर से 880 ग्राम गांजा बरामद किया गया। इसके पश्चात बिहिया थाना में पुलिस ने उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

### चोरी के आभूषण के साथ चार चोर गिरफ्तार

**बड़हरा।** बबुरा थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर चोरी के आभूषणों के साथ चार चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में आरा नगर थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गांव निवासी रामसवर्थ यादव का पुत्र किशन कुमार उर्फ जटहा, बड़हरा थाना क्षेत्र के मनीछपरा गांव निवासी हरेंद्र राय का पुत्र धीरज कुमार, सतीश राय का पुत्र सूरज कुमार तथा मटुकपुर गांव निवासी राजेश प्रसाद का पुत्र मनीष कुमार शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की दो सोने की अंगूठियां, एक महावीरी लॉकेट तथा चांदी की चार बिछिया बरामद की हैं। इसके अलावा तीन मोबाइल फोन और एक बाइक भी जब्त की गई है। बताया जाता है कि बीते बुधवार की रात बबुरा बाजार स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की घटना हुई थी। इस संबंध में दुकानदार द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने दर्ज प्राथमिकी के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस कांड में संलिप्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने गांजा के साथ दो तस्कर किया गिरफ्तार

**बिहिया।** बिहिया पुलिस ने बेलवनिया बाजार से गुरूवार की देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित बेलवनिया गांव निवासी राजू साह के पुत्र सोनू साह और शिवप्रसन यादव के पुत्र संतोष यादव है। प्रभारी थानाध्यक्ष उदय शंकर ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि दो तस्कर बेलवनिया में मादक पदार्थ बेच रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस ने छापेमारी कर दोनों तस्करों को 880 ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार कर लिया।

# शराबबंदी कानून के तहत दो साल बाद मकान सील करना गैरकानूनी, सरकार पर लगा ₹50,000 का जुर्माना




**एजेंसी/पटना**

पटना हाई कोर्ट ने बिहार में लागू शराबबंदी कानून के तहत की गई एक कार्रवाई को अवैध करार देते हुए याचिकाकर्ता को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि किसी मकान से शराब की बरामदगी होती है तो कानून के अनुसार उसी समय या तत्काल प्रभाव से सीलिंग की कार्रवाई की जानी चाहिए। दो साल बाद की गई सीलिंग न सिर्फ कानून की भावना के खिलाफ है, बल्कि वैधानिक प्रावधानों का भी उल्लंघन है। यह अहम फैसला न्यायमूर्ति अरुण कुमार झा की एकलपीठ ने जहानाबाद जिले से जुड़े एक मामले में सुनाया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता नीलम देवी के आंशिक रूप से सील किए गए मकान को तत्काल खोलने का निर्देश दिया है। साथ ही, याचिकाकर्ता को अनावश्यक रूप से परेशान करने और कानून का गलत इस्तेमाल करने के लिए राज्य सरकार पर 50,000 का अर्थदंड भी लगाया है। यह मामला वर्ष 2019 में दर्ज जहानाबाद थाना कांड संख्या 797/2019 से संबंधित है। इस कांड में नीलम देवी के पुत्र के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा की गई छापेमारी के दौरान मकान से 8.25 लीटर विदेशी शराब बरामद होने का दावा किया गया था।हालांकि, छापेमारी और बरामदगी के समय पुलिस ने मकान को सील नहीं किया। न तो तत्काल कोई सीलिंग आदेश जारी हुआ और न ही उस समय मकान के किसी हिस्से को बंद किया गया। इसके बावजूद, करीब दो वर्ष बाद 31 जनवरी 2022 को अचानक पुलिस ने मकान का एक हिस्सा सील कर दिया, जिससे याचिकाकर्ता और उनके परिवार को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ा। याचिकाकर्ता की ओर से हाई कोर्ट में दलील दी गई कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 62 के तहत किसी भवन या परिसर को तभी सील किया जा सकता है, जब शराब की बरामदगी के तुरंत बाद ऐसी कार्रवाई की जाए। दो साल बाद की गई सीलिंग पूरी तरह मनमानी और कानून के विपरीत है।वहीं राज्य सरकार की ओर से यह तर्क दिया गया कि कोविड-19 महामारी के कारण कार्रवाई में देरी हुई। सरकार ने यह भी कहा कि शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रशासन को व्यापक अधिकार दिए गए हैं। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की कोविड महामारी से जुड़ी दलील को सिरे से खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि यदि वर्ष 2019 में शराब

# जंगल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर कई शराब भट्टियां किया ध्वस्त

**केटी न्यूज/नवादा**

थाना क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई कर भट्ठियों के साथ अर्द्ध निर्मित महुआ शराब को शुक्रवार को नष्ट किया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस बल ने फरका बुजुर्ग पंचायत के अंतर्गत आने वाले जॉब जलाशय डैम के समीप महाबर पहाड़ी और कोलवा के घने जंगलों में सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जंगली इलाकों में छिपाकर संचालित की जा रही लगभग आधा दर्जन अवैध शराब भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। शराब माफिया दुर्गम पहाड़ियों और जंगलों की ओट में अवैध निर्माण का काला



कारोबार चला रहे थे,जिस पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सटीक कार्रवाई करते हुए विराम लगा दिया है।इस विशेष अभियान की सफलता में पुलिस की टीम भावना और तकनीकी सहायता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से लगभग 15 हजार लीटर अर्धनिर्मित महुआ घोल को बरामद कर उसे स्थल पर ही बहाकर विनष्ट कर दिया।इसके साथ ही शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न उपकरणों और संसाधनों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए थानाध्यक्ष के साथ एसआई शमीम खान,एसआई जयप्रकाश चौधरी,एएसआई पवन कुमार और सत्यदेव प्रसाद के साथ पुलिस बलों की एक विशेष टीम गठित की गई थी। अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए पुलिस ने गया से आए विशेष खोजी कुत्ता टीम का भी सहारा लिया,जिससे घने झाड़ियों और पहाड़ी रास्तों में छिपाई गई शराब की खेप को ढूंढना आसान हो गया। पुलिस द्वारा अचानक छापेमारी से जंगली इलाके के शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया।

# पटना मेट्रो ने पकड़ी रफ्तार, जंक्शन गोलंबर के पास अंडरग्राउंड स्टेशन की खुदाई शुरू

- ट्रेन से उतरते ही मिलेगी सुविधा

**एजेंसी। पटना**

पटना मेट्रो परियोजना ने अब तेजी पकड़ ली है। शहर की सबसे व्यस्त आवाजाही वाले इलाके, जंक्शन गोलंबर के पास मेट्रो स्टेशन के लिए खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है। मेट्रो प्राधिकरण के अनुसार इस पूरे सेक्शन में छह अत्याधुनिक अंडरग्राउंड आइलैंड प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे, जिन्हें दुनिया के बड़े और आधुनिक अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशनों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। सभी स्टेशन पूरी तरह वातानुकूलित होंगे और यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा व सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस अंडरग्राउंड सेक्शन में पटना जंक्शन के अलावा विद्युत भवन, विकास भवन, पटना जू, राजाबाजार और रुकनपुरा मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे। यह हिस्सा राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण और व्यस्त इलाकों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ेगा। खास बात यह है कि पटना जंक्शन मेट्रो स्टेशन को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है कि रेलवे और मेट्रो के बीच यात्रियों को सहज और निर्बाध कनेक्टिविटी मिल सके। पटना जंक्शन मेट्रो स्टेशन के लिए दो प्रमुख एंट्री और एग्जिट प्वाइंट बनाए जाएंगे। पहला प्रवेश द्वार पुराने दूध मार्केट के पास होगा, जबकि दूसरा बुद्ध स्मृति पार्क के सामने बनाया जाएगा। दूध मार्केट वाले एंट्री-एग्जिट को जंक्शन गोलंबर से जोड़ने के लिए 17 मीटर लंबे सब-वे का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए इलाके में बैरिकेडिंग कर दी गई है और खुदाई का काम शुरू हो चुका है। यह परियोजना तकनीकी रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि मेट्रो लाइन को पटना जंक्शन के ठीक नीचे से गुजारा जाएगा। दोनों कॉरिडोर की लाइनें जंक्शन के पास मिलेंगी और इसके बाद मीठापुर की ओर जाने के लिए मेट्रो को रेलवे स्टेशन के नीचे से होकर गुजरना होगा। इसके लिए रेलवे प्रशासन से एनओसी ली जाएगी। गहरी खुदाई के कार्य के लिए जून महीने में नई टीबीएम मशीन लॉन्च करने की योजना है। पटना जंक्शन के बाहर करबिगहिया की ओर मेट्रो लाइन अंडरग्राउंड से एलिवेटेड सेक्शन में तब्दील हो जाएगी। इस हिस्से के निर्माण की जिम्मेदारी हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी को सौंपी गई है। पूरे अंडरग्राउंड सेक्शन को 36 महीनों की निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। बता दें कि पटना मेट्रो के पहले चरण का निर्माण दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की देखरेख में हुआ था, जबकि दूसरे चरण का कार्य अब सीधे पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड की निगरानी में किया जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर फैसले तेजी से लिए जा सकेंगे और परियोजना को नई गति मिलने की उम्मीद है। पटना जंक्शन के नीचे से मेट्रो का गुजरना न सिर्फ एक बड़ी तकनीकी उपलब्धि होगा, बल्कि राजधानी के शहरी विकास की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।



# सीएम नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा, पहले दिन पश्चिम चंपारण के लोगों को दी बड़ी सौगात



## सीएम की यात्रा को लेकर मुख्य सचिव ने पहले ही जारी कर दिया निर्देश

मुख्यमंत्री की इस यात्रा को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल पर सभी विभागों को अलर्ट मोड में रखा गया था। समृद्धि यात्रा के जरिए मुख्यमंत्री सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने के साथ-साथ जनता से सीधा संवाद भी कर रहे हैं। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के यात्रा पर निकलने के संबंध में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार, मुख्यमंत्री के दौरे के समय संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव या सचिवों को स्थल पर उपस्थित रहना होगा। समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों के आला अफसर मौजूद रहेंगे। विशेष परिस्थितियों में ही विभाग के दूसरे वरिष्ठतम अधिकारी को बैठक में शामिल होने की अनुमति दी गई है। इस संबंध में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने स्पष्ट रूप से सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिया है कि वे समय रहते यात्रा की तैयारी पूरी कर लें। उन्होंने समीक्षा बैठक से पहले विभागीय सचिवों को अपने विभागों की योजनाओं की पूर्व समीक्षा करने को कहा है ताकि मुख्यमंत्री के सामने सटीक जानकारी पेश की जा सके।

## जानिए, मुख्यमंत्री कहां-किस जिले में पहुंचेंगे?

16 जनवरी को नेपाल सीमा से सटे पश्चिम चंपारण से नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा शुरू हो रही है। उधर से वह 17 जनवरी को पूर्वी चंपारण जाएंगे। रविवार को विश्राम के बाद 19 जनवरी को सीतामढ़ी-शिवहर, 20 को गोपालगंज, 21 को सीवान, 22 को सारण, 23 को मुजफ्फरपुर और 24 को वैशाली की यात्रा कर पटना लौटेंगे। इस दौरान वह दिसंबर 2024 की प्रगति यात्रा में शुरू कराई योजनाओं और सात निश्चय योजना की प्रगति की समीक्षा करेंगे। उद्घाटन-शिलान्यास आदि के साथ जन-संवाद और समीक्षा बैठकें भी करेंगे, जैसा हर यात्रा में करते रहे हैं।

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज से समृद्धि यात्रा की शुरूआत कर चुके हैं। यात्रा के पहले दिन वह पश्चिम चम्पारण के बेतिया पहुंचे। यहां पर लोगों को करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 153 करोड़ रुपये की लागत से 125 योजनाओं का शिलान्यास किया, जबकि 29 करोड़ रुपये की लागत से 36 योजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं से जिले में आधारभूत संरचना, जनसुविधाओं और विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद है। समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुमारबाग औद्योगिक क्षेत्र का भी स्थलीय निरीक्षण किया। यहां वे औद्योगिक विकास, निवेश की संभावनाओं और स्थानीय रोजगार सृजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार ने 2005 से पहले के बिहार को याद करते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे, कानून-व्यवस्था बदहाल थी, इलाज, शिक्षा, सड़क और बिजली की हालत खराब थी। हमारी सरकार आने के बाद कानून का राज स्थापित हुआ और विकास की गति तेज हुई। आज बिहार में हिंदू-मुस्लिम के नाम पर झगड़े नहीं होते, सभी वर्गों के लिए समान रूप से काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने रोजगार को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि 2020 में 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार का वादा किया गया था, जिसमें से 10 लाख नौकरियां दी जा चुकी हैं और 40झ50 लाख लोगों को रोजगार मिला है। अब सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने बेतिया के रमना मैदान में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास कर जीविका दीदियों एवं ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने उनकी समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जिला स्तरीय बैठक भी ली। इस दौरान उन्होंने पश्चिमी चंपारण जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री ने कार्यों की गति बढ़ाने एवं जनहित के विषयों को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया।

## एक नजर

### समस्तीपुर-सहरसा मेमू ट्रेन ब्रेक फंसने से बीच रास्ते में रुकी, सिंगल लाइन पर कई ट्रेनें फंसीं

**सहरसा।** समस्तीपुर से सहरसा जा रही 63348 मेमू ट्रेन अचानक भगवानपुर देसुआ और अंगार घाट स्टेशन के बीच बीच रास्ते में रुक गई। ट्रेन का ब्रेक फंसने के कारण रेल लाइन पर परिचालन ठप हो गया और पीछे से आने वाली ट्रेनों को भी रोका गया। घटना के समय ट्रेन लगभग 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। हादसे के बाद बड़ी संख्या में यात्री ट्रेन से नीचे उतर गए। ड्राइवर ने ब्रेक छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन जब यह संभव नहीं हुआ, तो मंडल मुख्यालय को सूचना दी गई।डीआरएम ज्योति प्रकाश मिश्रा ने बताया कि ट्रेन के इंजन में हॉट एक्सेल की समस्या आई है। मौके पर रेल मैकेनिकल टीम और अभियंता रवाना कर दिए गए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर आरपीएफ की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची है। समस्तीपुर-सहरसा रूट सिंगल लाइन है, इसलिए इस रूट पर कई ट्रेनें फंस गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि कुछ घंटे के भीतर समस्या का समाधान कर ट्रेन को आगे रवाना कर दिया जाएगा।

### मुजफ्फरपुर में नामी कंपनी के डुप्लीकेट सिगरेट और सिगार जब्त, संचालक फरार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के नगर थाना क्षेत्र स्थित पुरानी बाजार, शीतला माता मंदिर रोड से भारी मात्रा में डुप्लीकेट सिगरेट और सिगार जब्त किया गया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी चोरी छिपे अन्य स्थानों से माल लाकर इस जगह पर स्टॉक कर रहे थे और फिर इसे विभिन्न जगहों पर सप्लाई कर रहे थे। प्रतिष्ठित कंपनी के अधिकारियों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल के दौरान डेढ़ से दो करोड़ रुपये मूल्य की डुप्लीकेट सिगरेट, सिगार और अन्य सामग्री बरामद की। बताया जा रहा है कि इसमें कई ऐसी सामग्री भी शामिल थी जो विदेश में सप्लाई की जाती हैं।प्रतिष्ठित कंपनी के मुंबई से आए अधिकारी ने बताया कि ग्राहकों और डिस्ट्रीब्यूटर्स से लगातार शिकायत मिल रही थी। कंपनी को इस नकली माल से राजस्व और टैक्स का नुकसान होने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा था। उन्होंने बताया कि यह पूरा कारोबार एक मकान से संचालित किया जा रहा था और माल को अलग-अलग जगहों पर सप्लाई किया जा रहा था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर क्षेत्र-1, सुरेश कुमार ने कहा कि मामले की आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को मजिस्ट्रेट की निगरानी में अंजाम दिया गया और आरोपी अभी फरार है।

### वैशाली में टेंपो-कार के बीच भीषण टक्कर, पूजा करने जा रहे बुजुर्ग की हुई दर्दनाक मौत

**वैशाली।** वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत हरौली के पास अनियंत्रित टेम्पो और कार की टक्कर में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान पटना जिले के दिघा थाना क्षेत्र के लक्ष्मिनिया गली, वार्ड संख्या-1 निवासी रघु साह के 65 वर्षीय पुत्र विश्वनाथ साह के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार विश्वनाथ साह शुक्रवार की सुबह अपने घर से हरौली स्थित बुढ़िया मैया मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए निकले थे। इसी दौरान हरौली के पास एक अनियंत्रित टेम्पो ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में विश्वनाथ साह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद टेम्पो चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और टेम्पो व कार को जब्त कर थाने ले आई। घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को भी दी गई। आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद परिजन शव लेकर गांव चले गए। मृतक के पुत्र चंदन साह ने बताया कि उनके पिता सुबह करीब छह बजे पूजा के लिए निकले थे। लगभग दो घंटे बाद पुलिस से सूचना मिली कि टेम्पो की टक्कर से उनकी मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि टेम्पो चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था। विश्वनाथ साह के दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं।

# भारतीय संस्कृति, परंपरा और त्योहारों के संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा : नितिन नवीन

**एजेंसी। पटना**



पटना में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने अपने आवास पर दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार, दोनों डिप्टी सीएम, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी कई मंत्री और सांसद समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए। नितिन नवीन ने सीएम नीतीश कुमार समेत सभी लोगों का स्वागत किया और मकर संक्रांति की बधाई दी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। दही-चूड़ा भोज बिहार और पूर्वांचल की एक विशिष्ट परंपरा है, जो सादगी, समानता और आपसी भाईचारे का संदेश देती है।नितिन नवीन ने कहा कि ऐसे पारंपरिक आयोजनों से समाज में आपसी जुड़ाव मजबूत होता है और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का अवसर मिलता है। भाजपा सदैव भारतीय संस्कृति, परंपरा और त्योहारों के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध रही है। मकर संक्रांति का यह पर्व हमें परिश्रम, सकारात्मकता और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सूर्य के उत्तरायण होने का यह पर्व जीवन में नई ऊर्जा और नई दिशा का संकेत देता है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और सफलता लेकर आए।दही-चूड़ा भोज के दौरान सभी अतिथियों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में लोक-संस्कृति की झलक भी देखने को मिली, जिससे माहौल और अधिक उत्सवमय हो गया। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने आयोजन से जुड़े सभी कार्यकताओं और सहयोगियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा परिवार इसी प्रकार सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य करता रहेगा।

# गंगा स्नान पर जा रहे परिवार की गाड़ी पलटी महिला की मौत 20 से अधिक लोग घायल

**एजेंसी। पटना**

धार्मिक आस्था की यात्रा एक परिवार के लिए असहनीय पीड़ा में बदल गई, जब शुक्रवार को चंडी-दस्तूरपर फोरलेन के समीप एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। गंगा स्नान के लिए निकले नवादा जिले के रवीओ गांव के एक ही परिवार की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 55 वर्षीय शीला देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब दो दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।नवादा जिले के रवीओ गांव के एक परिवार की गंगा स्नान यात्रा हादसे में बदल गई, जब चंडी-दस्तूरपर फोरलेन पर गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 55 वर्षीय शीला देवी की मौत हो गई और करीब दो दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।धार्मिक आस्था की यात्रा एक परिवार के लिए असहनीय पीड़ा में बदल गई, जब शुक्रवार को चंडी-दस्तूरपर फोरलेन के समीप एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। गंगा स्नान के लिए निकले नवादा जिले के रवीओ गांव के एक ही परिवार की गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 55 वर्षीय शीला देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब दो दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन विजय कुमार ने बताया कि पूरा परिवार उनके ससुर देवेंद्र प्रसाद की तेरहवीं के बाद गंगा स्नान के लिए फतुहा जा रहा था। विडंबना यह है कि देवेंद्र प्रसाद की मौत भी हाल ही में कोलकाता में सड़क दुर्घटना में हुई थी। गुरुवार को तेरहवीं संपन्न हुई और अगले ही दिन परिवार को एक और दुखद हादसे का सामना करना पड़ा।दस्तूरपर मोड़ के पास हुई इस दुर्घटना के बारे में प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक अज्ञात वाहन ने अचानक गाड़ी का रास्ता रोक दिया, जिससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन पलट गया। मौके पर चीख-पुकार मच गई और आसपास के लोग तुरंत बचाव कार्य में जुट गए।

# बिहार में माफियाओं का तांडव : शराब कारोबारियों ने घेरकर किया हमला, दारोगा समेत 4 पुलिसकर्मी घायल

**एजेंसी। पटना**




बिहार के छपरा जिले में अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी करने गई सारण पुलिस की टीम पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पानापुर थाना में पदस्थापित सब-इंस्पेक्टर (एसआई) गुंजन कुमार समेत चार पुलिसकर्मी इस हमले में घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सारण जिले के पानापुर थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गंडक नदी के दियारा क्षेत्र अंतर्गत मुड़वा गांव में अवैध शराब की बिक्री हो रही है और बड़ी संख्या में लोग वहां शराब पीने के लिए एकत्रित हैं। सूचना के आधार पर एसआई गुंजन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम देर रात छापेमारी के लिए गांव पहुंची।पुलिस के पहुंचते ही शराब कारोबारियों और शराबियों में अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान आरोपियों ने चोर-चोर का शोर मचाकर ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस टीम को घेर लिया और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए, जिससे स्थिति और अधिक बिगड़ गई। हालात बेकाबू होते देख पुलिस टीम को किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से निकलना पड़ा। इस हमले में एसआई गुंजन कुमार के अलावा पुलिसकर्मी उपेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार तथा चौकीदार राजेश मांझी गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार पानापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया, जहां से एसआई गुंजन कुमार की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस टीम पर हमले की इस घटना के बाद पानापुर थाना पुलिस ने 25 नामजद और दर्जनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# अलर्ट : बिहार के 19 जिलों का पारा आठ डिग्री से नीचे, ठंड और बढ़ेगी

**एजेंसी। पटना**



बिहार में ठंड से राहत नहीं मिल रही है। दोपहर बाद से से ठिठुरन महसूस होने लगी है। पिछले 24 घंटे में 19 जिलों का तापमान आठ से नीचे दर्ज किया गया है। भागलपुर सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में न्यूनतम तापमान 5.9 से 12.5 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विज्ञान के अनुसार, 24 घंटे बाद ठंड और बढ़ सकती है। पहाड़ों पर बर्फबारी हो रही है। इसका असर बिहार में भी देखने को मिल रह है। शनिवार से सुबह के समय घना कोहरा देखने को मिलेगा। अधिकतम तापमान में भी गिरावट होगी। ठंड हवाओं के कारण दिन में भी कनकनी महसूस होगी। पूवार्नुमान के मुताबिक, अगले दो से तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को सुबह और देर रात कोहरे को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी है, खासकर सड़क और रेल यातायात में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे कम दृश्यता 400 मीटर मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) में दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि आने वाले सात दिनों के दौरान राज्य के अनेक हिस्सों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाए रहने की संभावना है।मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट भले न हो, लेकिन सुबह और देर रात ठंड के साथ कोहरे के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासकर ग्रामीण इलाकों और हाईवे पर दृश्यता कम रहने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने लोगों को ठंड और कोहरे को देखते हुए सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## 19 जिलों का तापमान आठ डिग्री से कम दर्ज किया गया

मौसम के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के कुल 19 जिलों में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। तापमान में इस गिरावट के कारण सुबह और देर रात ठंड बढ़ गई है, जबकि कई इलाकों में कोहरे की स्थिति भी बनी हुई है। कई जिलों में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। सीवान में 6.2 डिग्री, सहरसा और समस्तीपुर में 6.7 डिग्री, वैशाली में 7.2 डिग्री, सारण में 7.0 डिग्री, जबकि दक्षिण बिहार में नालंदा में 6.6 डिग्री, नवादा में 7.3 डिग्री, जहानाबाद में 7.1 डिग्री, गया में 7.4 डिग्री, औरंगाबाद में 7.2 डिग्री, रोहतास में 7.3 डिग्री और कैमूर में 7.0 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। राज्य में सबसे कम तापमान भागलपुर जिले के सबौर में 5.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पटना में न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री, मुजफ्फरपुर और मोतिहारी में 10.0 डिग्री, किशनगंज में 8.6 डिग्री, पूर्णिया में 9.3 डिग्री, मधुबनी में 8.9 डिग्री, दरभंगा में 8.7 डिग्री तथा बांका में 12.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# भागलपुर में 19 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत, ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप

**एजेंसी। भागलपुर**

भागलपुर में 19 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान राधिका कुमारी के रूप में हुई है, जिसकी शादी वर्ष 2025 में राजा तांती से हुई थी। मृतका के पिता ने पति और ससुराल पक्ष पर लगातार मानसिक प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है।परिजनों के अनुसार, शादी के कुछ समय बाद से ही राधिका को पति और ससुराल वालों द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। मृतका के पिता ने बताया कि उन्होंने बेटी को मायके वालों से संपर्क में रहने के लिए मोबाइल फोन दिया था, लेकिन ससुराल पक्ष ने वह मोबाइल छीन लिया। आरोप है कि राधिका पर गलत जगह बात करने का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी।राधिका ने कई बार फोन पर अपने पिता को प्रताड़ना की जानकारी दी थी। गांव के लोगों ने भी ससुराल पक्ष को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसी बीच मृतका के पिता बेटी को विदा कराने ससुराल पहुंचे, लेकिन ससुराल वालों ने उन्हें खाली हाथ लौटा दिया। बाद में फोन कर राधिका को ले जाने के लिए बुलाया गया। जब पिता बेटी को लेकर मायके लौट रहे थे, तभी रास्ते में राधिका की तबीयत अचानक बिगड़ गई।